क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
सोमवार– 09.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा –राज्य सरकार युवाओं के हित के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।
- चमोली में राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव शुरू। महोत्सव में छह सीमांत जिलों के 240 बाल वैज्ञानिक ले रहे हैं हिस्सा।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों को कम्प्यूट्रीकृत करने का निर्णय लिया है।
- राज्यपाल ने टिहरी जिले में चल रहे राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में लिया हिस्सा। स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बनाते हुए उन्हें डिजिटल बाजार से जोड़ने पर दिया जोर।

उत्तराखण्ड युवा महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के हित के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की दिशा में प्रदेश में तेजी के साथ काम किया जा रहा है। देहरादून के परेड मैदान में उत्तराखंड युवा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर स्वालंबन की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित से सरकार समझौता नहीं करेगी और इसी को ध्यान में रखते हुए कठोर नकल विरोधी कानून राज्य में लाया गया है। कौशल विकास एवं सेवा योजन विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए आईआईटी रुड़की और माइक्रोसॉफ्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रोजगार प्रयाग पोर्टल को भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं को ना सिर्फ रोजगार की जानकारी मिलेगी बल्कि इसी पोर्टल में विभिन्न विभागों में आउट सोर्स के जरिये खाली पड़े पदों की जानकारी भी मिल सकेगी। उत्तराखंड युवा महोत्सव के दौरान युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

बाल विज्ञान महोत्सव

चमोली में आज राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव शुरू हो गया है। प्रदेशभर में वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाल विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो मैसेज के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाल विज्ञान महोत्सव सभी प्रकार की समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान ढूंढने का बेहतरीन अवसर है। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों से इस अवसर का लाभ उठाने और नई वैज्ञानिक चेतना के संचार के साथ बढने की अपील की। गौरतलब है कि उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून की ओर से आयोजित इस महोत्सव में कुल पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन जाएगा, जिसमें पोस्टर प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, कविता पाठन, कविता पाठक (अंग्रेजी भाषा) और विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित की गई हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग–अलग आयोजित की जा रही हैं। बाल विज्ञान महोत्सव में उतरकाशी, बागेश्वर, पिथौरागढ, चम्पावत, रूद्रप्रयाग और चमोली के 240 बाल वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं।

## उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मानवता की खुशहाली और जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा चुनौतियों से तेजी से निपटने के लिए उपयुक्त खाद्य प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में न्यायोचित और उपयुक्त कृषि खाद्य प्रणाली की ओर शोध और उसके प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाए हैं। इसके परिणाम स्वरूप खाद्य उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिली है।

## रेलवे लाइन

पौडी गढ़वाल में लक्षमोली और मलेथा के बीच ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन की 3 किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन की इस तीन किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण पर रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक एसके यादव ने बताया कि इसे पूरा करने में लगभग डेढ़ साल का समय लगा है। गौरतलब है कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125 किलोमीटर लंबी है, जिसका 105 किलोमीटर का हिस्सा सुरंगों के अंदर होगा।

## पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग अपने साप्ताहिक लाइव फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज रात साढ़े नौ बजे, डेंगू बुखारः कारण, लक्षण और निवारक उपाय पर विशेष चर्चा प्रसारित करेंगा। चर्चा में नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान –एम्स में मेडिसिन विभाग के डॉ. पीयूष रंजन भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एफएम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर सुना जा सकता है।

## कम्प्यूट्रीकरण

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की सहकारी समितियों और एक हजार आठ सौ इक्यावन कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के रजिस्ट्रार कार्यालयों का कम्प्यूट्रीकरण करने तथा उन्हें और सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। प्राथमिक कृषि ऋण सोसाइटियों की कम्प्यूट्रीकरण योजना की तर्ज पर तेरह राज्यों में कार्यरत कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूट्रीकरण के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय एकीकृत सॉफ्टवेयर और सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों के कम्प्यूट्रीकरण के माध्यम से ऐसा किया जाएगा। सहकारिता मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि एक केन्द्रीय निगरानी इकाई की स्थापना की जाएगी जो इस योजना के सफल कार्यान्वयन की दिशा में कार्य करेगी। इस योजना पर कुल दो सौ पच्चीस करोड रुपये का खर्च आने का अनुमान है।

## राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने आज टिहरी जिले में चल रहे राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में हिस्सा लिया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के मेले समाज और राष्ट्र को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सरस आजीविका मेले से महिलाओं, युवाओं और कारीगरों का उत्साहवर्धन होगा और उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर होगी। राज्यपाल ने सरस मेले से ग्रामीण इलाको की महिलाओं को जोड़कर उनके कौशल और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बेहतर बनाते हुए उन्हें डिजिटल

मार्केटिंग से जोड़ा जाना चाहिए। राज्यपाल ने इस दौरान मेले में आए लोगों से स्थानीय उत्पादों को खरीदने का आह्वान भी किया।

कोटद्वार डिपो

उत्तराखंड परिवहन निगम की कोटद्वार डिपो की बसें अब बिजनौर जिले के एक अनुबंधित ढाबे पर नहीं रुकेंगी। इसके लिए मुख्यालय देहरादून से आदेश जारी हो गए हैं। इस ढाबे से अव्यवस्थाओं और दुर्व्यवहार के साथ ही खाने के मनमाने पैसे वसूलने की शिकायतें प्रशासन को पिछले कुछ समय से लगातार मिल रही थी। साथ ही जहरखुरानी का शिकार हुए व्यक्ति भी इसी ढाबे के आस पास शिकार होना बताते हैं। ऐसे में कोटद्वार डिपो के सहायक महाप्रबंधक राकेश कुमार द्वारा मंडल प्रबंधक से शिकायत करने पर इस ढाबे का अनुबंध खत्म कर दिया गया है। बस चालक पंकज कुमार रवि ने विभाग के इस कदम की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि इस कदम से यात्रियों के पैसे बर्बाद होने से बचेंगे।

स्वास्थ्य सचिव का दौरा

चम्पावत जिले में डेंगू के लगातार बढ़ते मामलों पर नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने उप जिला चिकित्सालय टनकपुर, जिला चिकित्सालय चम्पावत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलथी और उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डेंगू वार्ड में मच्छरदानी समेत अन्य व्यवस्थाएं चॉक–चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में पानी की निकासी, साफ–सफाई और दवा के छिड़काव की उचित व्यवस्था करने को कहा। स्वास्थ्य सचिव ने आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने के लिए आम लोगों को प्रेरित भी किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि जिले में रिक्त चिकित्सकों के पदों पर जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि टनकपुर हॉस्पिटल में ट्रामा सेंटर संचालित करना उनकी प्राथमिकता है।

राजस्व वसूली

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने सरकारी विभागों को आय बढ़ाने के उपायों पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि तय स्टाम्प ड्यूटी जमा कराए जाने की पुष्टि के लिए सत्यापन करने के साथ ही राजस्व जमा न करने के मामलों में कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सब्जी मंडी में रेट लिस्ट न लगाने और प्रतिबंधित रसायनों से रंगी सब्जियों को बेचने के मामलों में भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।